परिपत्र

वर्ष 2019–20 की अन्तिम सेमेस्टर एवं मध्यवर्ती सेमेस्टर के परीक्षा से सम्बन्धित छात्र/छात्राओ द्वारा विश्वविद्यालय से बार–बार पूछ–ताछ की जा रही है, जबकि इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में पत्रांक सं0 परी/2020/390 दिनॉक 23/06/2020 से विज्ञप्ति जारी की जारी की चुकी हैं, जो कि विश्वद्यिालय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अतः इस सम्बन्ध में पुनः दिशानिर्देश सम्बन्धित विज्ञप्ति संलग्न कर आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जा रही हैं।

परीक्षा नियत्रंक

पत्रांकः– COE/2020/462

दिनॉकः– 26-09-2020

प्रतिलिपिः–

1:– सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष /निदेशको/प्राचार्य को इस आशय से प्रेषित, कि छात्र/छात्राओं को उक्त दिशानिर्देशो से अवगत कराने के कष्ट करे।

2:– निदेशक, पौडी/टिहरी/चौरास परिसर।

3:– उपकुलसचिव परीक्षा।

4:– कुलसचिव/मा0 कुलपति महोदया के अवलोनार्थ

5:– सिस्टम मैनेजन को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त परिपत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करे।

6:– जनसम्पर्क अधिकारी।

परीक्षा नियत्रंक

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा इस विश्वविद्यालय से सम्बद्व समस्त महाविद्यालय/संस्थानों में अध्ययनरत वर्ष 2019–2020 के छात्र/छात्राओं को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण देश में कोविड–19 महामारी के कारण भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन एवं विद्या परिषद की संस्तुति के अनुसार विश्वविद्यालय ने वर्ष 2019–2020 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षा हेतु पूर्व में नोटिफिकेशन जारी किया था, उसी के क्रम में कुछ निम्नलिखित दिशा–निर्देश इस विज्ञप्ति के माध्यम से स्पष्ट कर जारी किये जा रहे हैं।

1. इस विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर समस्त पाठ्यक्रम के केवल अन्तिम सेमेस्टर मुख्य तथा बैक पेपर परीक्षाएं जुलाई माह के अन्तिम सप्ताह से प्रारम्भ होनी प्रस्तावित हैं। यद्यपि अन्तिम निर्णय यू0जी0सी0/मानव संसाधन मंत्रालय एवं प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों पर निर्भर करेगा।

2. उक्त महामारी को देखते हुए तीनवर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, चार वर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ट्म सेमेस्टर, पांचवर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम् एवं अष्टम् सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर स्तर पर द्वितीय सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नहीं की जायेगी। उक्त सभी का मूल्यांकन आन्तरिक परीक्षा व पूर्व सेमेस्टर के अंकों के आधार पर किया जायेगा।

3. अतः सभी महाविद्यालय/संस्थान उक्त परीक्षा के आन्तरिक अंक (असाइमेंट) एवं प्रायोगिक परीक्षांए 15 जुलाई तक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।

4. वर्तमान शैक्षिक सत्र के स्नातक एवं स्नातकोत्तर अन्तिम सेमेस्टर एवं पूर्व पासआउट बैच के छात्र/छात्राओं की स्नातक, तीनवर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर चार वर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ट्म सेमेस्टर पांचवर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम् एवं अष्टम् सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नहीं की जायेंगी। इन सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं के बैक पेपर प्रश्न–पत्रों से सम्बन्धित परीक्षा असाइमेंट पर आधारित होंगी जो कि अपने कालेज में देनी आवश्यक है। ऐसे सभी छात्र/छात्राएं अपने कालेज/विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं ।

5. विश्वविद्यालय के तीनवर्षीय पाठ्यक्रम में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर, चार वर्षीय पाठ्यक्रम में चतुर्थ एवं षष्ट्म सेमेस्टर, पांचवर्षीय पाठ्यक्रम में चतुर्थ, षष्टम् एवं अष्टम् सेमेस्टर के छात्र/छात्राएं जिनकी द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ट्म सेमेस्टर में बैक हो, तो वह अगले शैक्षिक सत्र में अपने उक्त सेमेस्टर की बैक की परीक्षा में भी सम्मिलित होगें उन्हें बैक हेतु अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जायेगा ऐसे छात्र/छात्राओं का बैक पेपर के परीक्षा का शुल्क अगले एक अतिरिक्त अवसर तक संचित रहेगा।

6. इण्टरमीडिएट सेमेस्टर के ऐसे सभी छात्र/छात्राएं जिनके अगले सेमेस्टर में प्रवेश के लिए क्रेडिट कम हो रहे हों,वे भी प्रवेश के लिए पात्र होंगे,यद्यपि उन्हें अपने क्रेडिट आगे आने वाली परीक्षाओं में पूर्ण करने होंगे।

परीक्षा नियन्त्रक

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर, गढ़वाल

पत्रांकःपरी निय0/2020/390 — दिनांकः 23–06–2020

प्रतिलिपिः

1. सम्बन्धित केन्द्राध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य को इस आशय से प्रेषित, कि कृपया उपरोक्त सूचना के अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें, तथा छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु उपरोक्त सूचना को महाविद्यालय/संस्थान के सूचना पट पर लगवााने का कष्ट करें ।
2. कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ ।
3. उपकुलसचिव परीक्षा/प्रभारी अतिगोनीय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
4. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के बेबसाइट पर देने का कष्ट करें ।

परीक्षा नियन्त्रक